तापमान

अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 28 अगस्त 2025

12 भाषण स्पर्धा में प्रतिष्ठा ने मारी बाजी रुषा को मिला दूसरा...



12 इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल...



खबर संक्षेप

## कुवि ने घोषित किए 18 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 18 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। मई 2025 में आयोजित बीएससी (ग्राफिक्स एवं एनिमेशन) छठा सेमेस्टर, एमएससी वनस्पति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर, एम.ए. (समाजशास्त्र) चतुर्थ सेमेस्टर (एनईपी) सीबीसीएस, बीएफएडी 8वां सेमेस्टर, एमए (एआईएच) दूसरा सेमेस्टर (एनईपी), बी.वोक बीएफएसआई चतुर्थ सेमेस्टर, एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर (रि-अपीयर) गैर-सीबीसीएस, एमएसडब्ल्यू चौथा सेमेस्टर (रि-अपीयर) नॉन-सीबीसीएस, एमबीए द्वितीय सेमेस्टर, एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर, एमए (शिक्षा) (पिछला), बीएचएम और सीटी छठा सेमेस्टर (फ्रेश + री-अपीयर) सीबीसीएस, फ्रेंच में डिप्लोमा, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर (री-अपीयर), बीए चतुर्थ सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एमसीए तृतीय सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), पुरातत्व में पीजी डिप्लोमा द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

## युवक अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला अपराध अन्वेक्षण शाखा टू की टीम ने फतेहपुर पुल नहर पटरी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा व दो जिंदा राउंड बरामद किए हैं। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## कोल्ड स्टोर से मांस बरामद

**पानीपत। थाना** चांदनी बाग में मंगलवार की देर रात गोरक्षकों की टीम की सूचना पर गांव निम्बरी में स्थित कोल्ड स्टोर की जांच की। जहां पुलिस ने करीब दो क्विंटल मांस बरामद किया। वहीं बरामद मांस के सैंपल लेकर लैब में भिजवाए गए है। डीएसपी यातायात सुरेश सैनी ने बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद पता चल पाएगा यह बरामद हुआ मांस गाय का है या अन्य किसी जानवर का। वहीं, इस मामले में थाना चांदनी बाग में केस दर्ज करवाया है। लैब की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की टीम के द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर बचे मांस को नष्ट करवा दिया गया है। ताकि इससे किसी प्रकार का संक्रमण न फैले।

## पानीपतः महिला कैदी सीखेगी सिलाई

**पानीपत।** जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जेल पानीपत में कारपेंटर व सिलाई/ कटिंग के एक वर्षीय आईटीआई के कोर्स शुरू किए जाने हैं। 60 बंदी/महिला बंदीयों ने दाखिला को आवेदन किया है। बंदी जेल में व्यस्त रहे व तनाव रहित रहे तथा जेल से रिहाई उपरांत निर्वाह कर सकेंगे।
व बंदी समाज की मुख्य धारा से जुड सकें।

## फर्जी बैंक गारंटी देने पर बैंक मैनेजर पर केस

**यमुनानगर।** लोक निर्माण विभाग कार्यालय में 6.25 लाख रुपये की फर्जी बैंक गारंटी देने के आरोप में बैंक मैनेजर व करनाल की ग्रीनलैंड हार्टिकल्चर एडं कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक पर धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ। यह कार्रवाई थाना शहर यमुनानगर पुलिस ने विभाग के एक्सईएन पुनीत मित्तल की शिकायत पर की है। एक्सईएन पुनीत मित्तल ने बताया कि वर्ष 2019 में करनाल की ग्रीनलैंड हार्टिकल्चर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक मनीत रोहडिया ने 6.25 लाख रुपये की बैंक गारंटी दी थी। यह बैंक गारंटी ऑरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स करनाल शाखा के सीनियर मैनेजर संजीव कुमार के माध्यम से दी गई। जांच में सामने आया कि फर्म ने फर्जी बैंक गारंटी दी।

### मॉरीशस के वाणिज्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने पानीपत रिफाइनरी का दौरा किया

# भारत के साथ मॉरीशस के ऐतिहासिक संबंधः यंग



**पानीपत।** मॉरीशस के वाणिज्य व उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल, पानीपत रिफाइनरी का निरीक्षण करते हुए। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मॉरीशस के वाणिज्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व माइकल यंग सिक युएन, वाणिज्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने किया, जिनके साथ मनोरमा देवरानी माथुर डाबिदिन, स्थायी सचिव, और डॉ. नम्रता रीटू, सहायक स्थायी सचिव उपस्थित थीं। वहीं, प्रतिनिधियों का स्वागत अरविंद कुमार, निदेशक (रिफाइनरी) अतिरिक्त प्रभार निदेशक (पाइपलाइन्स), इंडियन ऑयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सौमित्रा श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी), एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफ़ाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप), एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इधर, यंग सिक युएन को पीआरपीसी का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने टूजी और थ्री जी बायो-एथेनॉल प्लांट, सीआर-11 कंट्रोल रूम और प्रोडक्ट एप्लिकेशन एवं डेवलपमेंट सेंटर (पीएडीसी) का दौरा किया, युवा इंजीनियरों के साथ संवाद किया।

### इंडियन ऑयल के नवाचार प्रयासों की सराहना की

नेट-ज़ीरो 2046 तक पहुंचने के लिए इंडियन ऑयल के नवाचार प्रयासों की सराहना की। वहीं, युएन ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच लंबे समय से सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध रहे हैं, जो दोनों देशों की विकास कहानियों को आकार देते रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इंडियन ऑयल की रिफाइनरी भारत के ऊर्जा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और मॉरीशस जैसे देशों को भी समर्थन प्रदान करती है। रिफाइनरी के नवाचार, स्थिरता और गुणवत्ता पर ध्यान देने की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि ये मूल्य दोनों देशों की भविष्यदृष्टि को प्रतिबिंबित करते हैं।

## भाई की हत्या का नाबालिग आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना तहसील कैंप में थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके बड़े भाई व भाभी की मौत हो चुकी है। जिनका बड़ा बेटा 22 साल का था व छोटा बेटा 16 साल का है। बड़ा बेटा शराब पीने का आदी था, नशे की पूर्ति के लिए उसने घर का सामान बेच दिया था। इस हरकत के चलते छोटा भाई उससे रंजिश रखता था और अक्सर उसके साथ मारपीट करता रहता था। रंजिश रखते हुए छोटे ने 21 अगस्त को दिन में बड़े भाई की परने से गला घोटकर हत्या कर दी थी।

### अंबाला में सीआईए ने वाहन चोरों पर कसा शिकंजा

# चार आरोपी पकड़े, 4 एक्टिवा, 3 बाइक व तीन इंजन-चेसिस बरामद

*गिरोह के मुख्य आरोपी जोनी के खिलाफ पहले भी चोरी व फिरौती मांगने के कई केस दर्ज हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए-2 ने एक वाहन चोर गिरोह को काबू किया है। चार आरोपियों से पुलिस ने सात वाहनों के साथ तीन वाहनों के इंजन व दूसरे पार्ट्स भी जब्त किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में अश्विनी उर्फ गोल्डी, जोनी, गुरविंद्र उर्फ शशा व आशीष कुमार शामिल है। आरोपियों से पुलिस ने 4 एक्टिवा, 3 मोटरसाइकिल व 3 मोटरसाइकिलों के इंजन, चेसिज व पार्टस बरामद किए हैं। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत ने जेल भेज दिया गया है। गिरोह का मुख्य आरोपी जोनी के खिलाफ पहले भी चोरी व फिरौती मांगने के केस दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी जोनी ने थाना साहा क्षेत्र में जेवरात चोरी करना भी जुर्म कबूल किया है। सीआईए-2 निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया है कि थाना अंबाला शहर व अंबाला छावनी से एक्टिवा चोरी के मामले में पुलिस टीम लगातार कार्य कर रही थी। इन मामलों में सीआईए-2 ने चार आरोपियों को काबू किया। मुख्य आरोपी जोनी ने 9 मोटरसाइकिल चोरी की हुई थी। आरोपी अश्विनी व गुरविंद्र इनके पार्टस बेचने का कार्य करते थे। इस संबंध में थाना अंबाला शहर में एक्टिवा चोरी का मामला दर्ज था। थाना अंबाला छावनी में दर्ज एक्टिवा चोरी के एक अन्य मामले में पुलिस ने आरोपी आशीष कुमार को भी गिरफ्तार कर एक्टिवा बरामद कर ली है।




**अंबाला।** चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी। फोटोः हरिभूमि

## घर में घुसकर गहने-नकदी व सामान चोरी

**करनाल।** राजीवपुरम कॉलोनी में रहने वाले दिहाड़ी मजदूर अजय पर जानलेवा हमला व लूट की वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी। 23 अगस्त को काका नामक युवक व उसके दो साथी शराब के नशे में धुत होकर घर में घुसे। आरोपियों ने अजय को डंडों से पीटकर बेहोश कर दिया और सोने-चांदी के गहने, 20 हजार नकद, मोबाइल फोन तथा घर का पंखा तक उठा ले गए। पीड़ित की बहन ने 25 अगस्त को उसका मेडिकल कराया, जिसमें पांच चोटें दर्ज हुईं। पीड़ित का आरोप है कि 20 अगस्त को भी हमलावर उसके घर आए थे और शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने एसपी कार्यालय में गुहार लगाई। थाना सेक्टर-32/33 पुलिस ने आरोपी काका व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### अंबाला के सांसद वरूण चौधरी ने सरकार को घेरा

# अवैध खनन के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार

- श्रम पोर्टल पर 25 लाख से ज्यादा श्रमिक पंजीकृत हैं लेकिन मुआवजा न के बराबर मिलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कांग्रेस सांसद वरूण चौधरी बुधवार को पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस पहुंचे। यहां पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मेहता, दुष्यंत चौहान ग्रामीण जिला अध्यक्ष समेत कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सांसद ने अवैध खनन के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार,




**शहजादपुर।** सांसद का स्वागत करते कांग्रेसी नेता अशोक मेहता व अन्य ।

जानबूझकर पूरे खनन ब्लॉक की नहीं होती अलॉटमेंट। चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें कहा जाता है कि वह नारायणगढ क्षेत्र में नहीं आते हैं लेकिन ऐसा नहीं है । वह लोकसभा में हर जगह जाते हैं। संसद में वह अपने लोकसभा क्षेत्र की आवाज लगातार उठाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के खिलाफ थी फिर भी यहां भाजपा की सरकार कैसे बनी। नारायणगढ को जिला बनाने तथा यहां से रेलवे लाइन निकालने पर उन्होने पत्र लिखे,रेजूलेशन डाला गया लेकिन इन मांगों पर सरकार का जवाब ढीला रहा है। लोगों को पेंशन में बहुत परेशानी हो रही है। 2007 के बाद पेंशन को रिवाइज नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रम पोर्टल पर 25 लाख से ज्यादा श्रमिक पंजीकृत हैं लेकिन उनको मुआवजा न के बराबर मिलता है।

### किसानों को होती है दिक्कत

## विस में गूंजा मारकंडा, बेगना व टांगरी नदियों की सफाई का मुद्दा

**बराड़ा।** मुलाना विधायक पूजा ने विधानसभा के मानसून सत्र में मारकंडा, बेगना और टांगरी नदियों की सफाई को लेकर जोरदार तरीके से मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि



समय-समय पर इन नदियों से गाद की सफाई न होने के कारण मानसून के दौरान गांवों और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। विधानसभा के चौथे दिन विधायक पूजा ने सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि वर्तमान वित्त वर्ष में मारकंडा नदी से गाद निकालने का कार्य क्यों नहीं किया गया? कब तक किया जाएगा? मंत्री ने जवाब में कहा कि नदियों से हर मानसून से पहले गाद निकालने की कोई स्थायी योजना सरकार की नहीं है। मानसून खत्म होने के बाद नदियों में जमा मिट्टी का आंकलन कर अगले मानसून से पहले काम पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

### नशा तस्कर का भंडाफोड़

## एक किलोग्राम गांजा के साथ प्रवासी गिरफ्तार

**अंबाला।** नशा तस्करों की पुलिस लगातार कमर तोड़ने का काम कर रही है। अब पुलिस ने गांजा तस्करी के बड़े मामले में एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ आमजन



को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ-साथ नशा तस्करी को रोकने हेतू नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार भी किया जा रहा है। थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर के राजीव गांधी खेल स्टेडियम के पास से पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में बिहार के आरोपी देहवान मंडल को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 90 ग्राम गांजा भी जब्त किया है। अब पुलिस ने आरोपी ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि 26 अगस्त 2025 को उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह नशे की बड़ी खेप लेकर अंबाला शहर आ रहा है।

# नशा तस्कर को 20 साल की कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एडिशनल सेशन जज योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की



तस्करी के आरोपी अभिनव उर्फ गोल्डी पुत्र सत्यपाल निवासी विजय नगर, हरि सिंह चौक, नूरवाला, पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनवाई। वहीं एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने अभिनव उर्फ गोल्डी पर दो लाख रूपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर अभिनव उर्फ गोल्डी को दो साल का अतिरिक्त कारवास भोगना होगा। स्मरणीय है कि पानीपत पुलिस ने अभिनव उर्फ गोल्डी को चार मई सन 2018 को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। वहीं आरोपी अभिनव उर्फ गोल्डी के खिलाफ थाना किला में 20 व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया।

## पार्टनर पर 75 लाख के पेड़ बेच कर मुनाफा कमाने का आरोप

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 निवासी रिटायर्ड कैप्टन दिनेश शर्मा ने अपने पार्टनर पर 75 लाख रुपये के पॉपुलर के पेड़ बेच कर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी व्यक्ति, उसकी भाभी व भतीजी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रिटायर्ड कैप्टन दिनेश शर्मा ने बताया कि उनके पड़ोसी रमेश प्रताप के साथ उनकी मित्रता थी। 2019 में रमेश ने पार्टनरशिप में 77 बीघा कृषि भूमि को पट्टे पर लेने की बात कही।

## गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया ...



**इंद्री।** इंद्री के श्री कृष्ण मंदिर मे 16वां श्री गणेश स्थापना एवं विसर्जन महोत्सव शुरू हो गया जो कि 4 सितंबर तक चलेगा । श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना आचार्य रामलाल शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर करवाई । इस मौके पर काफी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे । जय श्री गणेश महोत्सव मंडल इंद्री के प्रधान आधिकराव यादव ने बताया कि कस्बे मे 16 वां गणपति स्थापना एवं विसर्जन महोत्सव 27 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगा। जिसमें हर रोज सुबह व सांय श्री गणेश पूजन व आरती होगी। 2 सितंबर को कस्बे में विशाल शोभा यात्रा निकालने के बाद पश्चिमी यमुना नहर में इंद्री के समीप मूर्ति विसर्जन किया जाएगा ।

## फर्नीचर के गोदाम में आग पशु की जलकर मौत

**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड पर गांव भिवानीखेड़ा के समीप बुधवार अल सुबह एक फर्नीचर के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखी लकड़ी, मशीनें और तैयार फर्नीचर भी जलकर राख हो गया। हादसे में गोदाम के अंदर बंधी एक गाय की जलने से मौत हो गई, जबकि एक मोटरसाइकिल भी आग की भेंट चढ़ गई। जानकारी के अनुसार झांसा रोड पर सुबह करीब साढ़े 4 बजे श्रीकृष्णा फर्नीचर वर्कशॉप में आग लग गई। कुछ ही देर में आग भीषण हो गई। इससे आसपास के लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई।

उपलब्धि | पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय स्थापित करने की भी दी गई जानकारी

# पिहोवा के पशुपालक रघुबीर की मुर्रा भैंस ने 20.480 किलोग्राम दूध देकर जीता 20 हजार का पुरस्कार

- पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान, मुंह खुर व गला घोटू रोग से बचाव के लिए टीकाकरण, बेरोजगार युवाओं द्वारा पशुपालन को अपनाकर लाभकारी व्यवसाय स्थापित करने की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

राजकीय पशु चिकित्सालय मोहनपुर के तहत आने वाले पशु औषधालय ईशाक में पशुपालन विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ. सुरजीत की अध्यक्षता में मुर्रा नस्ल की भैंसों की मिल्क रिकॉर्डिंग कराई गई। सघन पशुधन विकास परियोजना के तहत हुई इस रिकॉर्डिंग में दंदयान डेयरी फार्म ईशाक के किसान रघुबीर सिंह की मुर्रा



**पिहोवा।** पशुपालक रघुबीर की मुर्रा भैंस के साथ पशुपालन विभाग के अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

भैंस ने 20.480 किलो दूध देकर प्रथम पुरस्कार जीता। डॉ. सुरजीत ने बताया कि योजना के अनुसार पशुपालक को 20 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

### पिछले वित्तीय वर्ष में भी पुरस्कार जीता था

इसी पशुपालक की भैंस ने पिछले वित्तीय वर्ष में भी सघन पशुधन विकास परियोजना स्कीम के तहत मिल्क रिकॉर्डिंग में पुरस्कार जीता था। राजकीय वेटरनरी केंद्र कराह साहिब के डॉ. आर्यन ने पशुपालकों से कहा कि विभाग द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई गई है। जिनके बारे में पशुपालक अपने नजदीकी पशु अस्पताल या केंद्र से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जीवीडी ईशाक के इंचार्ज वीरेंद्र सिंह ने पशुपालकों को कृत्रिम गभार्धान, मुंह खुर व गला घोटू रोग से बचाव के लिए टीकाकरण, बेरोजगार युवाओं द्वारा पशुपालन को अपनाकर लाभकारी व्यवसाय स्थापित करने संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर कमेटी सदस्य डॉ. हरदीप सिंह मोहनपुर, डॉ. आर्यन कराह साहब व वीएलडीएल वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# घायल युवक की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत

- 19 अगस्त को गांव खजूरी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया था मृतक युवक
- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव खजूरी के पास करीब एक सप्ताह पहले अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए युवक की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव बिरजामुन निवासी धर्मबीर ने जठलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 18 वर्षीय मोहन फैक्ट्री में काम करता था। 19 अगस्त को सुबह आठ बजे वह फैक्ट्री में काम पर जा रहा था। जब वह गांव खजूरी के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने मोहन को टक्कर मार दी थी। जिससे मोहन गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसने अपने भाई को यमुनानगर के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया था। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया था। जहां पर देर शाम उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### दंगा पीड़ित परिवारों को नौकरी देने का फैसला सराहनीय : त्रिलोचन

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 1984 के दंगों में मारे गए लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की चारों ओर सराहना हो रही है। करनाल में भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिससे प्रदेश के लगभग 121 परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इनेलो और कांग्रेस की सरकारें वर्षों तक सत्ता में रहीं, लेकिन उन्होंने दंगा पीड़ितों के लिए कोई ठोस पहल नहीं की।


तरावड़ी। प्रो. राजेश गांव प्रेम खेड़ा मे लोगों को सम्बोधित करते हुए।

### नवनियुक्त ग्रामीण जिला कांग्रेस प्रधान का स्वागत

**तरावड़ी।** प्रोफेसर राजेश वैद को नवनियुक्त कांग्रेस जिला प्रधान बनने के उपरांत गाँव प्रेम खेड़ा में भव्य स्वागत किया गया। पूर्व सरपंच सुभाष प्रेम खेड़ा और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष जिला करनाल प्रदीप चौधरी ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। पूर्व सरपंच सुभाष ने प्रो राजेश वैद के स्वागत वक्तव्य में कहा कि प्रो राजेश वैद के जिला प्रधान बनने पर कांग्रेस पार्टी ओर मजबूत होगी राजेश वैद जी पढ़े लिखे ईमानदार व एक साफ छवि के नेता हैं।

### गणेश चतुर्थी के पर्व पर की मूर्ति स्थापना

**तरावड़ी।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में ( तिथिर्वारांश्च) को गणेश चतुर्थी महोत्सव का पर्व मनाया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विद्यालय निर्देशक डॉक्टर राकेश शर्मा ने शिरकत की। विद्यार्थियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभा । निर्विघ्नम कुरुवे देवा सर्वकार्येषु सर्वदा।। इस प्रसिद्ध मंत्र के उच्चारण से सारे विद्यालय को भक्तिमय बना दिया। विघ्नहर्ता, मंगल कर्ता भगवान श्री गणेश सभी देवताओं में प्रथम पूज्य है। इनका

### श्री गणपति समिति ने निकाली कलश यात्रा

**घरौंडा।** श्री गणपति सेवा समिति की ओर से 30 अगस्त से श्री शिव पुराण कथा का आयोजन जीतपुरी मंदिर में किया जा रहा है। जिसको लेकर बुधवार को शहर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा देवी मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से निकली।

श्री गणपति सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जीतपुरी में मंदिर में द्वितीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर बुधवार को शहर में बैंड बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आचार्य मणि प्रसाद गौतम, अभिनेष शास्त्री, रिंकू भट्ट, प्रवीण शर्मा, पार्षद संजीव पाल आदि रहे।

# संपर्क मार्गों पर बनेंगे स्पीड ब्रेकर, 1.16 करोड़ का जुर्माना वसूला

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला, जुलाई में काटे गए 36 हजार से अधिक चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभाग के अधिकारी समिति के गैर सरकारी सदस्यों के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े संपर्क मार्गों पर उन स्थानों को चिन्हित करें, जहां गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में बीस दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उपायुक्त ने फुटपाथों पर अतिक्रमण से प्रभावित यातायात व्यवस्था को लेकर एडीसी सोनू भट्ट को जांच के आदेश दिए।



**करनाल।** यातायात व्यवस्था को लेकर अफसरों की बैठक लेते डीसी।

उपायुक्त आज जिला सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी, असंध के एसडीएम राहुल, इंद्री के एसडीएम अशोक मुंजाल, आरटीए विजय देशवाल समेत संबंधित विभागों के अधिकारी व समिति के गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

गैर सरकारी सदस्यों ने कहा कि कई स्थानों पर संपर्क मार्ग से वाहन चालक तेज रफ्तार से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ जाते हैं, जिससे हादसे की संभावना बढ़ जाती है। यदि संपर्क मार्गों पर स्पीड ब्रेकर बना दिए जाएं तो दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

### 12 पुराने व 5 नए एजेंडे पर हुई चर्चा

बैठक में पिछली बैठक के लंबित 12 व 5 नए एजेंडों पर विस्तार से चर्चा हुई। अराईपुरा रोड पर बिजली की तारें ऊंची करने का 1.20 करोड़ रुपये से अधिक का अनुमान स्वीकृत हो चुका है। राशि जमा कराने के लिए एक्सईएन पीडब्ल्यूडी डिवीजन-2 को लिखा गया है। कुंजपुरा के बड़ा गांव की जर्जर सड़क की मरम्मत हेतु टेंडर आमंत्रित किए जा चुके हैं, जल्द कार्य शुरू होगा। करनाल पुलिस लाइन के पास टूटे स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत और उन पर पेंटिंग का काम बारिश के बाद शुरू किया जाएगा। गांव मंजूरा के सरकारी स्कूल में दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाने की व्यवहार्यता की जांच की जाएगी। मुनक गांव चौक पर सड़क के गड्ढों को भरने के निर्देश पीडब्ल्यूडी को दिए गए। हिट एंड रन मुआवजा मामलों में अब तक 58 में से 46 केस मंजूर हो चुके हैं।

### प्रशिक्षण व स्कूल वाहन नीति पर भी समीक्षा

आईडीटीआर में जुलाई में 472 लोगों ने प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया, जिनमें से 465 ने कोर्स पूरा किया। वहीं, सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत एसडीएमों ने 139 वाहनों की जांच की और 18 वाहनों के चालान किए। बैठक में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में पीडब्ल्यूडी एक्सईएन राजकुमार, जीएम रोडवेज कुलदीप, आरएफओ संजीव कुमार, एसई एनएचएआई भानु प्रताप, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एक्सईएन अभिषेक सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस ने किए 36 हजार से ज्यादा चालान

करनाल पुलिस ने जुलाई माह में यातायात नियम तोड़ने वालों पर 36,602 चालान किए।

**इनमें शामिल हैं**

| | |
|---|---|
| ओवर स्पीड | 7457 |
| बिना हेलमेट | 11,875 |
| नशे में वाहन चलाना | 175 |
| बिना आरसी | 297 |
| बिना लाइसेंस | 158 |
| बिना नंबर प्लेट | 762 |
| लेन बदलने के | 2654 |
| तीन सवारी बैठाने के | 124 |
| गलत साइड गाड़ी चलाना | 329 |
| गलत पार्किंग | 618 |
| लाल बत्ती उल्लंघन | 1206 |
| बिना थर्ड पार्टी बीमा | 3512 |
| जेब्रा क्रॉसिंग उल्लंघन | 2417 |
| वायु प्रदूषण | 5028 |
| बिना सीट बेल्ट | 50 चालान |

आरटीए ने भी जुलाई माह में 389 चालान करते हुए 1 करोड़ 16 लाख 2 हजार 200 रुपये जुर्माना वसूला

## बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में गणेश चतुर्थी पर भव्य आयोजन

# गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना के साथ आस्था के उद्घोष से गूंजा वातावरण

गणपति भगवान की प्रतिमा की विधिवत स्थापना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई अराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


**करनाल।** बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में गणेश चतुर्थी के पर्व के दौरान भागवान गणेण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन के सदस्यों ने मिलकर गणपति बप्पा की आराधना की और पूरे परिसर को दीपकों, फूलों और रंगोली से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति भगवान की प्रतिमा की विधिवत स्थापना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना से हुई। छात्रों ने पारंपरिक परिधान पहनकर भजनों और आरती में भाग लिया। वातावरण भक्तिमय बना रहा और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे पूरे कॉलेज में गूंजते रहे।

कॉलेज निदेशक नितेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक पर्व नहीं बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गणेश जी को बुद्धि, विवेक और ज्ञान का देवता माना जाता है। यदि विद्यार्थी उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतार लें तो जीवन में आने वाली हर बाधा को आसानी से पार कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रिजवान ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, अनुशासन और सामूहिकता की भावना को मजबूत करते हैं।


**तरावड़ी।** शहर के खाटू श्याम मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत करते गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

### श्री खाटू श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

रेलवे रोड स्थित नत्था सिंह नगर में बने खाटू श्याम मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण श्याम प्रेम व भक्ति रस में डूब गया। पूजा-अर्चना का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। पंडितों द्वारा विधि-विधान से मूर्ति स्थापना को लेकर विशेष पूजा की गई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं ने बड़ी आस्था और भक्ति भाव से श्याम बाबा के दर्शन किए। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग और स्थानीय समाजसेवी भी उपस्थित रहे। पहले दिन मूर्ति स्थापना कार्यक्रम मे उद्योगपत्ति राजकुमार तायल, योगेश मिड्डा, भावना मिड्डा, नंदकिशोर खुराना, संजीव रहेजा, तंशूल गोयल, कृष्ण गर्ग ने मुख्य यजमान के तौर पर शिरकत की। पंडित गंगाशरण शास्त्री, पंडित राजेंद्र शर्मा, पंडित विजय कुमार शर्मा, योगेश शर्मा, गौरव शर्मा, अवदेश पांडेय, कृष्ण कौशिक ने विधि विधान से मूर्ति स्थापना को लेकर पूजा करवाई। इस आयोजन को श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार ने बड़ी निष्ठा और भक्ति के साथ आयोजित किया है। परिवार से जुड़े प्रमुख संयोजक प्रमोद बंसल, चुनीत बंसल, विनीत बंसल और अशोक बंसल, विनीत बंसल व अमन गर्ग ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य भक्तों को एक भक्ति और शांति से भरे अनुभव से जोड़ना है।



**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में वन महोत्सव में मौजूद शिक्षक-छात्र।

### गुरु नानक खालसा कॉलेज में वन महोत्सव

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज, रेलवे रोड में एनएसएस यूनिट द्वारा वन महोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। डिवीजनल वन अधिकारी पवन कुमार ने आंवले व महुआ का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसकी देखभाल तब तक करनी चाहिए जब तक वह मजबूत वृक्ष न बन जाए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इस चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण जरूरी है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने भी पौधे लगाए और कहा कि कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में फलदार पौधों का रोपण कर हरियाली बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर अम्बाला से आए डॉ. जोगेंद्र सिंह ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सफल आयोजन पर प्राचार्य, स्टाफ और छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



**करनाल।** नशे की रोकथाम को अफसरों के साथ बैठक करते एडीसी सोनू भट्ट।

### 1933 हेल्पलाइन पर दें सूचना नशे की सूचना

करनाल। एडीसी सोनू भट्ट ने नागरिकों से अपील की कि वे नशीली दवाओं के अवैध व्यापार की जानकारी साझा करने में आगे आएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 'नशा मुक्त भारत 2047 अभियान' के तहत नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 शुरू किया गया है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे सक्रिय रहेगी और इसमें सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि आम नागरिक सक्रिय भागीदारी करें तो समाज से नशे की बुराई को समाप्त करना और आसान हो जाएगा।

# विधायक ने विधानसभा में उठाए विकास के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी/तरावड़ी

विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने बुधवार को विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान नीलोखेड़ी विधानसभा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। उन्होंने सरकार से इन मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने का आग्रह किया। विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने नीलोखेड़ी, तरावड़ी, घरौंडा सहित प्रदेश की नगरपालिकाओं व नगर परिषदों में दुकानदारों के मालिकाना हक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नीलोखेड़ी में 45 दुकानदारों ने बोली पर दुकानें ली थीं। सरकार दुकानदारों को मालिकाना हक दे रही है। इन दुकानदारों ने उपायुक्त के माध्यम से सरकार को आवेदन भेजा है। यह मामला पिछले एक साल से राजस्व विभाग के पास लंबित है।


**तरावड़ी।** विधायक भगवान दास कबीरपंथी नीलोखेड़ी विधानसभा से जुड़ी महत्वपूर्ण मांग कार्यो का जिक्र करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 12 पुराने व 5 नए एजेंडे पर हुई चर्चा

विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने निसिंग की अनाज मंडी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि 2014-15 में नई अनाज मंडी बनने के बाद 450 दुकानदारों को प्लॉट दिए गए थे। लेकिन रेट में अंतर के कारण आज तक उनका रेट तय नहीं हो पाया है। जिस कारण दुकानदार पैसा जमा नहीं करवा पा रहे हैं। पिछले दिनों दुकानदारों के साथ अधिकारियों ने बैठक में पैसा जमा करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जिन दुकानदारों का 20 साल से पुराना कब्जा है उन्हें मालिकाना हक दिया जाए। इसके अतिरिक्त विधायक ने कहा कि 2014-15 में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा नीलोखेड़ी में 100 बेड के अस्पताल सहित कई विकास कार्यों की घोषणा की थी। इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका था और एक एजेंसी को काम भी दिया गया था। लेकिन वे सभी कार्य लंबित हैं। उन्होंने इन सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

# आईटीआई की खाली सीटों पर अब 30 तक ले सकेंगे विद्यार्थी दाखिला : नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- विद्यार्थियों समय पर आवेदन कर उठाए आईटीआई करने का लाभ

वंडर वैली आईटीआई बड़ा गांव के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की सरकारी आईटीआई व निजी आईटीआई में 1372 सीटों पर विद्यार्थी अब 30 अगस्त तक दाखिला ले सकते है। उन्होंने बताया कि जिले की 10 सरकारी आईटीआई में 927 सीट व प्राइवेट आईटीआई में 445 सीटें अभी खाली है। निदेशालय द्वारा प्राईवेट व सरकारी आईटीआई के दाखिले की तिथि बढ़ाकर अग्रिम तिथि 30 अगस्त दोपहर 12 बजे तक कर दी गई है।


मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार गुप्ता।

उन्होंने बताया कि दाखिला लेने वाले इच्छुक विद्यार्थी अपनी मनपसंद ट्रेड वेल्डर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, कम्पयूटर, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक में किसी भी प्राईवेट आईटीआई में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मौके पर ही दाखिला ले सकते है। इसके साथ ही दाखिला फीस जमा करवाने के लिए पोर्टल रात 12 बजे तक खुला रहेगा। जानकारी देते हुए वंडर वैली आईटीआई बड़ा गांव के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों के पास दाखिला लेने का यह सुनहरी मौका है। आईटीआई में पांच ऑनलाईन काऊंसलिंग के बाद अब रोजाना ओपन मैरिट के आधार पर विद्यार्थियों को दाखिला दिया जा रहा है।

### गीता मॉडर्न स्कूल में मनाया अलंकरण समारोह



**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सी. से. स्कूल के बच्चें अपने स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थी परिषद शपथ ग्रहण एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत भगत सिंह सदन ,महाराणा प्रताप सदन, लक्ष्मीबाई सदन एवं छत्रपति शिवाजी सदन को कार्यभार सौंपा गया। मुख्य प्रतिनिधि छात्र ( हेड बॉय )सुखजीत ,मुख्य प्रतिनिधि छात्रा (हेड गर्ल ) तोमीदंर कौर, छत्रपति सदन से रितेश और गौरव को कप्तान नियुक्त किया गया। भगत सिंह सदन से हरप्रीत कौर और सन्नी को कप्तान , महाराणा प्रताप सदन से समीर और रियांशु को कप्तान और लक्ष्मी बाई सदन से स्वाति और विकास को कप्तान के रूप में निर्वाचित किया गया ।

### प्रताप स्कूल में मनाया नारी समानता दिवस


**तरावड़ी।** प्रताप स्कूल के बच्चें अपने स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल में नारी समानता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने हमारे समाज में नारी की दयनीय स्थिति से लेकर उसकी ऊंची उड़ानों तक का सफर बहुत ही प्रतिभा से निभाया। छात्रों ने एक नाट्य प्रस्तुति द्वारा समझाया कि समाज में नारी की अहम भूमिका है। नाटक मे छात्रों ने लिंग समानता को उजागृत कर हमारे समाज में लडक़ी के समानता के अधिकारों और उसके विभिन्न रूपों का वर्णन किया। नारी का योगदान हमारे समाज में सर्वोपरि माना जाता है। कार्यक्रम मे छात्रों ने बताया कि महिलाओं को आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता है। यह जरूरी है कि महिलाएं अपने अधिकारों से पूरी तरह परिचित हों, तभी वे इन चुनौतियों से डटकर मुकाबला कर पाएंगी। यह भी बताया कि वह भी डॉक्टर, इंजीनियर, आई.ए. एस. ऑफिसर इत्यादि बन सकती है।

## बरसाती पानी समस्या से निपटने के दिए निर्देश

# महापौर ने जन सुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया समाधान

- लाल डोरा क्षेत्रवासियों को प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट जारी करने के कार्य में लाएं तेजी
- सीवरेज चौक, जलापूर्ति व स्ट्रीट लाईट की शिकायत का त्वरित समाधान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में बुधवार को आमजन की सुनवाई करते हुए निगम इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सीवरेज चौक, बरसाती पानी पाईप लाईन, जलापूर्ति व स्ट्रीट लाईट को लेकर की गई शिकायत पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसे लेकर आमजन को समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर


करनाल। समस्याएं सुनती में मेयर रेनू बाला गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

सुविधाएं प्रदान करना है। इसके लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना होगा। उन्होंने कहा कि लाल डोरा क्षेत्रवासियों के प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट बनाने के कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि वह अपनी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवा सकें। इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी आई.डी. में त्रुटि को दुरूस्त करने के कार्य में भी तेजी बनाकर रखें। निर्धारित समयावधि में ही आपत्ति का निवारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इंजीनियरों को निर्देश दिए कि वाटर सप्लाई, सीवरेज, स्ट्रीट लाईट व सडक़ों पर गढ्ढा होने जैसी शिकायत आने पर तुरंत एक्शन लिया जाए और उसे समय रहते दुरूस्त करवाया जाए। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं को लेकर शहरवासियों को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जन सुनवाई में महापौर ने एक-एक कर नागरिकों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारी को बुलाकर उनकी समस्याओं का निवारण करवाया।

# हरजिंदर सिंह मामले में अमेरिका राष्ट्रपति को प्रेषित किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- अध्यक्ष डॉक्टर रोहित गुप्ता ने लिखा हरजिंदर सिंह के मामले में निष्पक्षता और मानवीय मूल्यों को आधार बनकर ही न्याय होना चाहिए

यूरेशिया अफ्रो चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में विरासत में लिए गए भारतीय नागरिक हरजिंदर सिंह के मामले में तात्कालिक मानवीय चिंता जाहिर करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। यह मांग सबसे पहले लोक कल्याण की प्रवक्ता विशाखा चौधरी द्वारा उठाई गई थी। अब यूरेशिया अफ्रो चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉक्टर रोहित गुप्ता ने भारतीय नागरिक हरजिंदर सिंह के मामले में आवाज उठाई है। डॉक्टर रोहित गुप्ता ने अमेरिकी और भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को लिखा है कि एक दुर्घटना मामले में फ्लोरिडा की अदालत ने हरजिंदर सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया है। उन्हें अनाधिकृत विदेशी घोषित किया गया है और उनकी स्थिति को जटिल बनाते हुए अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क परिवर्तन पर लोग रोक लगा दी है। जिससे उनके निर्वासन पर कार्यवाही की संभावना भी बढ़ गई है। डॉक्टर रोहित गुप्ता ने अमेरिकी राष्ट्रपति को लिखा है कि हरजिंदर सिंह को 45 वर्ष की सजा हो सकती है। जिन्हें आमतौर पर 15 वर्ष की सजा मिलती है। यह मामला गंभीर मानवीय कानूनी और अनुपातिक संबंधी चिंताओं को जन्म देता है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की असमानता न्याय के सिद्धांत पर सवाल उठाती है। जब की दुनिया भर के 25 लाख लोगों ने उदारता और मानवीय दृष्टिकोण की मांग वाली याचिकाओं पर हस्ताक्षर भी किए हैं। उन्होंने कहां है कि हरजिंदर सिंह के गृह क्षेत्र पंजाब में लोग सामूहिक प्रार्थना तक कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ओबीसी मोर्चा 31 अगस्त को 'मुक्ति दिवस' मनाएगा

**पानीपत।** भाजपा का ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए घोषणा की कि ओबीसी मोर्चा आगामी 31 अगस्त को 'मुक्ति दिवस' के रूप में पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित करेगा। वर्ष 1952 में तत्कालीन सरकार द्वारा विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु समाजों को अंग्रेजों द्वारा थोपी गई 'अपराधी जनजाति अधिनियम' से मुक्त किया गया था। इसी ऐतिहासिक क्षण की स्मृति में मुक्ति दिवस मनाया जाता है।

### धार्मिक स्थलों के लिए निःशुल्क बस रवाना किया

**पानीपत।** श्री विश्वकर्मा मंदिर गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल माजरी ने प्राचीन श्रीदेवी मंदिर से सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी, पंचमुखी हनुमान जी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की निःशुल्क बस को नारियल तोड़कर रवाना किया। इस अवसर पर टीवी कलाकार मनोज पांचाल, अनिल पांचाल, सोनू पांचाल, नीरज लाडवा श्री विश्वकर्मा मंदिर गोहाना रोड के संरक्षक विनोद पांचाल, भाजपा बबैल मंडल के महामंत्री बिजेंद्र पांचाल, मोहन लाल, कृष्ण भगत व शिवम आदि उपस्थित रहे।

### गीता कॉलोनी में सीटू की हुई बैठक

**पानीपत।** क्रांतिकारी शिव वर्मा स्मारक भवन गीता कॉलोनी में अखिल भारतीय किसान सभा सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र, सचिव राजपाल गाहल्याण, सीटू जिला सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष नवीन सपरा आदि उपस्थित रहे।

### रक्तदान सेवा संकल्प दिवस मनाया

**समालखा।** नई मंडी स्थित नई जैन स्थानक में जैन मुनि उपेन्द्र ने रक्तदान व नेत्रदान को मानव की सबसे बड़ी सेवा बताया। नेत्रदान में मृत्यु के बाद व्यक्ति के कार्निया को दान किया जाता है, जो दृष्टिहीन लोगों को रोशनी वापस दिलाता है। रक्तदान में जीवनकाल में किसी स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किसी जरूरतमंद व्यक्ति को अपना रक्त देना शामिल है, जो किसी दुर्घटनाए सर्जरी या अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए जीवन रक्षक होता है।

### फसल अवशेष प्रबंधन पर बैठक हुई

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की बैठक बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र उझा में उप कृषि निदेशक पानीपत डॉ. आत्मा राम गोदारा एवं उप मंडल कृषि अधिकारी, एसडीओ. डॉ देवेंदर कुहाड़ की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने पर जोर दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य फसल अवशेष प्रबंधन एवं फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की रोकथाम करना प्रमुख रूप से रहा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं फील्ड स्टाफ को दिशा-निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर किसानों को व्यक्तिगत सम्पर्क करें किसान सभाओं, चौपालों एवं ग्राम स्तर पर आयोजित बैठकों के माध्यम से पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराए।

### स्वच्छ संकल्प अभियान लगातार रहेगा जारी

**पानीपत।** पानीपत नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देश पर स्वच्छ शहर अभियान चलाया जा रहा है। यह स्वच्छ संकल्प अभियान लगातार जारी रहेगा। आमजन भागीदारी व सह भागीदारी के साथ हम सब को मिलकर 11 सप्ताह तक यह अभियान चलाना है।

### सोलर पैनल पर अनुदान मिलेगा

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग व हरेडा के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सभी सरकारी भवनों में ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना है। प्रदेश सरकार द्वारा जिला की पंजीकृत अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग की धर्मशालाओं में 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे।

## एसडी पीजी कॉलेज में मेगा टेलेंट हंट शो का शानदार आगाज

# विद्यार्थी की तरक्की की राह में बाधा हैं संकोच व झिझक : डॉ.अरोड़ा

पढ़ाई के साथ-साथ यदि विद्यार्थी सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति भी लालायित है तो इसके परिणाम सैदव सकारात्मक एवं सृजनात्मक होते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा एवं टैलेंट को उजागर करने हेतु तथा उन्हें उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रायोजित मेगा टेलेंट हंट शो का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम आर्यन बीएससी प्रथम, द्वितीय मुस्कान बीए प्रथम, तृतीय आर्यन बीए तृतीय, सांत्वना याचिका बीए प्रथम, अक्षय बीए प्रथम रहे। इधर, दिनेश गोयल प्रधान ने अपने सन्देश में कहा कि समय रहते बहुमुखी व्यक्तित्व का निर्माण अगर हो जाए तो हमें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। वहीं, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि कॉलेज में नियमित आकर पढ़ने का फायदा तभी है जब विद्यार्थी कक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। खुद में छिपी प्रतिभा को पहचानने और संवारने का इससे बेहतर अवसर कोई दूसरा नहीं है। कॉलेज अपने प्रत्येक प्रतिभावान कलाकार को लेकर पूरी तरह गंभीर है और उन्हें निखारने की हर संभव सुविधा कॉलेज द्वारा प्रदान की जायेगी। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं निखार में कॉलेज का सकारात्मक माहौल महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है और इस कार्य में सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्त्व सबसे ज्यादा है। कॉलेज इसीलिए इस प्रकार के आयोजनों पर बल देता है। पढ़ाई के साथ-साथ यदि विद्यार्थी सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति भी लालायित है तो इसके परिणाम सैदव सकारात्मक एवं सृजनात्मक होते है। वर्तमान में रोजगार एवं ख्याति प्राप्त करने में कलाकारों की मांग बढ़ी है। उन्होनें हर विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे निःसंकोच भाव से आगे आकर अपनी छिपी प्रतिभा को दूसरो के समक्ष उजागर करें। इससे आत्मबल, आत्मविश्वास और दूसरों का बेहतर तरीके से सामना करने की क्षमता उन मे विकसित होगी और वे जीवन में बहुत आगे तक जाएंगे। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों में डॉ. एसके वर्मा, डॉ. मोनिका खुराना, डॉ. संतोष कुमारी, डॉ सुशीला बेनीवाल, डॉ दीपा वर्मा, प्रो जुगमती, प्रो मीतू सैनी, प्रो किरण मलिक मौजूद रहे। सह-पाठ्यचर्या और सांस्कृतिक गतिविधियों के बिना शिक्षा अधूरी है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से सांस्कृतिक मूल्य प्रचारित होते है और हमें नया सीखने का अनुभव मिलता है।

### स्वयं को निपुण बनाए

नेतृत्व के गुण और नैतिक मूल्यों में वृद्धि का इनसे बढ़िया साधन अन्यत्र कहीं नहीं है। कॉलेज टैलेंटेड कलाकारों को विशेष सुविधा प्रदान करता है ताकि इनका आत्मविश्वास बढ़ सके। विद्यार्थीयो को भी चाहिए कि वे कम से कम एक गुण किसी भी कला में पैदा कर स्वयं को निपुण बनाये और उसे खुद में विकसित करे। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें जीवन में इसका लाभ अवश्य मिलेगा।


**पानीपत।** आईबी कॉलेज में प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक के साथ मंचासीन अथितिगण। फोटो : हरिभूमि

## भारत की तरक्की की राह है विभिन्न उत्पादों का एक्सपोर्ट

- आईबी कॉलेज में निर्यात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा भारत सरकार के निर्यात बंधु योजना के अंतर्गत निर्यात जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अरुण नरूला (एमबीईएसटी व डीजीएफटी) व अभिषेक ( यंग प्रोफेशनल डीजीएफटी) रहे। अरुण नरूला ने विद्यार्थियों को निर्यात दस्तावेजीकरण, व्यापार नीतिया, निर्यातकों के लिए प्रोत्साहन योजनाएं, स्टार्टअप्स और सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए सरकारी उपयोग जैसी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज का युग वैश्विक व्यापार का है, जहां हर विद्यार्थी के पास निर्यात के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने क्षेत्र के विशेष उत्पादों की पहचान करें और उनकी अंतरराष्ट्रीय मांग को समझें। अभिषेक ने इस बात पर बल दिया कि निर्यात केवल एक व्यापार नहीं बल्कि राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में योगदान करने का माध्यम है। छात्रों को चाहिए कि वे सरकारी योजनाओ और डिजिटल पोर्टलों का लाभ उठाकर वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाएं।

### ये मौजूद रहे

कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि छात्रों को अब वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में अपनी पहचान बनानी चाहिए और भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सुनित शर्मा, प्रो. अजय पाल, प्रो. माधवी, डॉ ज्योति गहलोट, डॉ. ज्योति गहलोट, प्रो. आंचल बतरा, प्रो. राजेश बाला, प्रो. रूहानी शर्मा, प्रो. साक्षी मुंजाल, प्रो. निशा गुप्ता, प्रो. रीना, प्रो. मनीत कौर, प्रो. अनु, प्रो. रूबी, प्रो. करुणा, प्रो. रुचिका बत्रा, प्रो. आकांक्षा, प्रो. सोनिया विरमानी, प्रो. जागृति, प्रो. निशा मौजूद रही।

### बीमा सखी के पद रिक्त

**पानीपत।** जिला रोजगार अधिकारी डॉ. रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि बेरोजगार महिला प्रार्थियों के लिए जिला रोजगार विभाग द्वारा एलआईसी, पानीपत के सहयोग से बीमा सखी के पच्चीस पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है।

## अंध विद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

- बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई व टूथ ब्रश पेस्ट व दवाइयां भी वितरित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** आदर्श एक विश्वास के मेडिकल कैंप में अतिथिगण, चिकित्सक व मेजबान। फोटो : हरिभूमि

आदर्श एक विश्वास के द्वारा 76 वां मेडिकल कैंप राजकीय अंध महाविद्यालय में नेत्रहीन बच्चों के लिए लगाया गया। मेडिकल कैम्प में डॉ.संजय सेन फिजिशियन, डॉ.अंकुर सभरवाल, डॉ.श्रेया सभरवाल दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा 78 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई व बच्चों को टूथ ब्रश पेस्ट व दवाइयां भी वितरित की गई। कैंप में जिन बच्चों के दांत में कीड़े की शिकायत मिली उनका इलाज भी करवाया जाएगा। मेडिकल कैम्प में बच्चों के खून की जांच व मशीनों द्वारा बच्चों के फेफड़ों की जांच की गई। कैम्प का शुभारंभ मेयर कोमल सैनी व भाजपा नेता दिनेश सैनी ने किया। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए उपस्थित डॉक्टरों का व संस्था की प्रशंसा की। इस अवसर पर सिविल हस्पताल से नोडल अफसर डॉ.ललित वर्मा आदि मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

## सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**समालखा।** पाइट में कार्यक्रम में शिरकत करते हुए अथितिगण। फोटो : हरिभूमि

गीता के श्लोमक से लेकर संपूर्ण महाभारत तक। रामायण से लेकर आधुनिक मैनेजमेंट फंडा तक। सोशल मीडिया इंफ्लूयंएसर नन्हीं परिधि प्रशांत मंगलमपल्ली ने अपनी बातों से हर किसी को प्रभावित कर लिया। परिधि ने कहा कि कर्म करने पर आपका अधिकार है। इसके फल और परिणाम को परमात्मा यानी श्रीकृष्ण पर छोड़ दें। अवसर था पानीपत इंस्टीटिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉकलोजी (पाइट) में स्टूकडेंट इंडक्श न प्रोग्राम का। एप्लाइड साइंसेज एंड मैनिटीज विभाग ने इसका शुभारंभ किया। वहीं, डीन डॉ. जेएस सैनी ने लिसनिंग स्किल्स विषय पर बताया कि सुनने की कला जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनय खत्री ने यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज पर आत्म-अन्वेषण व मानवीय मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। इधर, ऑस्ट्रेलिया में भागवत कथा करके लौटे शिवम शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी जीवन बेहद महत्वपूर्ण है। फोकस होकर पढ़ाई करें। ज्यादा से ज्यादा ग्रहण करें। अगर आपका विद्यार्थी जीवन उत्तम रहा तो आने वाला जीवन निश्चित ही उत्तम रहेगा। बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ. रोहित गर्ग ने रामायण के उदाहरणों के माध्यम से संचार कौशल पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। डिक्रस्टमुरथल से आए डॉ. दिनेश सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। साइबर क्राइम विशेषज्ञ निशांत ने साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन पर सत्र लिया। डॉ. साक्षी ने सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डाला। जबकि एमबीए विभाग के अध्येक्ष डॉ. अखिलेश मिश्रा ने सक्सेस माइंडसेट विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया।

### सम्मानित किया

टेडएक्स स्पीकर हर्षिता शर्मा ने ग्रोथ माइंडसेट पर मार्गदर्शन दिया। दूसरी ओर, वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि लगातार 21 दिन तक स्टूंडेंट इंडक्शनन प्रोग्राम चला। डॉ. सुनील ढुल ने एंटी-रैगिंग नीति पर सत्र लिया। पाइट के निदेशक प्रो. शक्ति कुमार, चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्यस शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा ने वक्ताओं व विद्यार्थी समन्वयकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

### सकारात्मक विचार राष्ट्र निर्माण में सहायकः आर्य

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में वैदिक विचारों पर संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वैदिक विचारक बहन




अंजलि आर्य रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय इंचार्ज सुशील कुमारी और संचालन ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने किया। मुख्य वक्ता वैदिक विचारक आर्य ने बताया कि बुद्धि तो सभी इंसानों में होती है, वहीं उस बुद्धि को कौन किस दिशा में लगाता है वह हम इंसानों पर निर्भर करता है। आदर्श छात्र अपने जीवन में अनुशासित रहते हुए मेहनत करें तो सफलता जरूर प्राप्त होती है। हम सभी को अपने माता पिता और गुरुजन का आदर करते हुए उनके संस्कारों को आगे बढ़ाना चाहिए ताकि एक समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षित इंसान को इतनी समझ हो जाती है वह अपने विचार और व्यवहार से समाज के विकास और उत्थान के सहयोगी बन सकता है। सकारात्मक विचार राष्ट्र निर्माण में सहायक होते है।

### बरसाती पानी खड़े होने से जनजीवन बाधित


**समालखा।** समालखा नगर परिषद क्षेत्र में बारिश के पानी की निकासी न होने की वजह से पूरा शहर परेशान है। उक्त जानकारी देते हुए आरटीआई कार्यकर्ता समालखा निवासी रोहित लाहोट ने बताया की ये समस्या कोई नई समस्या नहीं है तेज़ और ज्यादा देर तक बारिश होने से पानी पहले भी शहर में खड़ा होता था लेकिन नाला साफ होने से जल्दी उतर जाता था। जबकि अब हल्की और कुछ ही मिनटों की बारिश से पूरा समालखा जलमग्न हो जाता है। उन्होंने बताया कि समाज सेवा समिति तक नाला के उपर नगर परिषद्द ने अपने कार्यकाल में परमानेंट आरसीसी स्लैब बना रखी है जिसकी वजह से नाले की सफाई हुए लगभग एक वर्ष बीत चुका है और नाले की सफाई के अभाव में बरसात में जलभराव होता है। वहीं रोहित लाहोट ने नाले की स्लैब को हटाकर जनहित में इसकी सफाई कराने की मांग की है।

### वासु जैन ने जीआईएल को टॉप किया

**पानीपत।** गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, पानीपत के प्रतिभाशाली छात्र वासु जैन ने अपनी पांच वर्षीय बीबीए, एलएलबी (ऑनर्स) ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10वें सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज और पानीपत का नाम रोशन किया है। वहीं वासु ने पंजाब एवं हरियाणा



बार काउंसिल, चंडीगढ़ में बतौर एडवोकेट नामांकन प्राप्त किया। यह नामांकन प्रमाणपत्र वासु को राकेश गुप्ता चेयरमैन, बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के मार्गदर्शन में प्रदान किया गया। इधर, वासु ने कहा कि अनुशासित कठोर मेहनत व अनुभवी गुरूजन के सानिध्य में उन्हें यह सफलता मिली है। इधर, कॉलेज के वाइस चेयरमैन निशांत बंसल एडवोकेट अनिल सिंगला, वैभव देसवाल का सहयोग के लिए आभार जताया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सयुंक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**परमजीत कौर पुत्री व शरनजीत कौर पुत्रीगण प्रीतम सिंह व सुखविन्द्र सिंह पुत्र व कमलप्रीत सिंह पुत्र व परमजीत कौर पत्नी दान सिह व तरनजीत सिह पुत्र सतवंत कौर व मनजीत सिंह व रणजीत सिंह पुत्रगण चरणजीत कौर निवासीगण पानीपत**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि परमजीत कौर पुत्री व शरनजीत कौर पुत्रीगण प्रीतम सिह व सुखविन्द्र सिंह पुत्र व कमलप्रीत सिंह पुत्र व परमजीत कौर पत्नी दान सिह व तरनजीत सिंह पुत्र सतवंत कौर व मनजीत सिह व रणजीत सिंह पुत्रगण चरणजीत कौर निवासीगण पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृण हेतु पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया जाता है कि प्रीतम सिंह पुत्र श्री सुन्दर सिह की मृत्यु दिनांक 11/01/1985 को व प्रीतम सिंह की पत्नी कपूर कौर की मृत्यु दिनांक 23/03/2006 को व प्रीतम सिंह की माता फिनो देवी की मृत्यु काफी पहले व दान सिंह की मृत्यु दिनांक 17/04/2021 को व सतवंत कौर की मृत्यु दिनांक 06/10/2017 को व चरणजीत कौर की मृत्यु दिनांक 21/08/2023 को हो चुकी है। विजेन्द्र फुलिया नम्बरदार नांगल खेड़ी पानीपत व सुनील पटवारी हल्का इंसार की रिपोर्ट के आधार पर मृतक के बाद निम्न वारिस / उत्तराधिकारी है:- प्रीतम सिंह के बाद वारसान-1- दान सिंह पुत्र 2-परमजीत कौर पुत्री 3- शरनजीत कौर पुत्री 4- सतवंत कौर पुत्री 5- चरणजीत कौर पुत्री ही है। दान सिंह के बाद वारसान-1- सुखविन्द्र सिह पुत्र 2-कमलप्रीत सिंह पुत्र 3-परमजीत कौर-पत्नी ही है। सतवंत कौर के बाद वारसान 1-तरनजीत सिह-पुत्र ही है। चरणजीत कौर के बाद वारसान 1-मनजीत सिह-पुत्र 2-रणजीत सिंह पुत्र ही है। इनके अलावा उक्त मृतक का अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। मृतक प्रीतम सिंह मकान नम्बर 720 का भाग रकबा 180.66 वर्गगज वाका माडल टाउन पानीपत के मालिक बरूए तसोका नम्बर 3206 दिनांक 02/03/1966 एस आर पानीपत के तहत रहे है। व अब आगे रजिस्ट्री / ट्रांसफर डीड दिगर के नाम पर करवानी है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक प्रीतम सिह व फिनो देवी व कपूर कौर व दान सिंह व सतवंत कौर व चरणजीत कौर के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बावत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर उपरोक्त कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। तहसीलदार-कम-संयुक्त- सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

**पर्व** पूरे विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगी सजावटी फूलों और लाइटों से सजाया गया

# गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों से पूरा विद्यालय गूंज उठा, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की


**पानीपत।** जिनवानी स्कूल में भगवान श्री गणेश का पर्व मनाते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिनवानी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उल्लास के साथ विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की स्थापना की गई। पूरे विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगी सजावटी फूलों और लाइटों से सजाया गया। गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों से पूरा विद्यालय गूंज उठा। विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्या नीलम ने पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की तथा भगवान गणेश जी से समस्त विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। बच्चों ने भक्ति गीत गाकर और नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक सुरेश जैन, प्रधान राजेश जैन, उपप्रधान लोकेश जैन, प्रबंधक विपुल जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, समिति सदस्य मुकेश जैन आदि मौजूद रहे।

### गणेश चतुर्थी पर्व मनाया

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश जी की स्तुति से हुई। जिसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक संजीव जैन, प्रिंसिपल मोनिका सहगल ने गणेश चतुर्थी पर्व की शुभकामनाएं दी।

### प्रभु गणेश की मूर्ति स्थापित की

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्री गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल तथा मैनेजर फ कीरचंद बिंदल रहे। कार्यक्रम में प्रातः कालीन सभा में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। वहीं विद्यालय में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापना बड़े श्रद्धा भाव से की गई, जो आगामी दस दिनों तक विद्यालय प्रांगण में विराजमान रहेगी तथा प्रतिदिन पूजा आरती होगी।

## खबर संक्षेप

### सिलेंडर चोरी मामले में तीन आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सिलेंडर चोरी के मामलों में पुलिस ने आरोपी शुभम को गिरफ्तार किया है। थाना मुलाना में दर्ज सिलेंडर चोरी के अन्य दो मामलों में भी पुलिस ने आरोपी निकित कुमार उर्फ प्रिंस व अमन कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरीशुदा सिलेंडर भी बरामद किए गए हैं।

### चोरी की मोटरसाइकिल रखने वाला पकड़ा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी की मोटरसाइकिल रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी कमलप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ़ को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी कमलप्रीत सिंह चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में घूम रहा है। गांव गदौली मोड़ के पास नाकाबंदी कर पुलिस ने आरोपी को काबू किया। जांच के दौरान आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल के कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसी आधार पर उसे काबू किया गया।

### उद्यमिता पखवाड़ा महोत्सव पर कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संसथान (आई टी आई) कुरुक्षेत्र में विश्व उद्यमिता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र/छात्रांओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर, 25 अगस्त 2025 से 27 अगस्त 2025 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन जी के सानिध्य में करमचंद प्रभारी वर्ग अनुदेशक की अध्यक्षता में किया गया।

### वित्तीय समावेशन कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, शाखा बारना द्वार गांव बारना में वित्तीय समावेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में बैंक की ओर से ग्रामीणों को विभिन्न वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा ऋण से संबंधित जानकारियां दी गईं। ग्रामीणों ने कार्यक्रम के दौरान सक्रिय भागीदारी करते हुए योजनाओं में पंजीकरण करवाया और बैंक द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने में गहरी रुचि दिखाई।

### नशे की लत छुड़वाने को करने होंगे प्रयास

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में भारतीय रैड क्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय अंतराज्यीय यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण रैडक्रास ध्वजारोहण के साथ हुई। जिसमें भारतवर्ष के 16 राज्यों के 221 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कला कीर्ति भवन के भरत मुनि सभागार में भारत के विभिन्न राज्यों से आए युवा प्रतिभागियों को नशे से बचाव हेतु एक नाटय कला रंगमंच का आयोजन किया गया जिसमें बड़े सुंदर तरीके से राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के माध्यम से प्रतिभागियों के समक्ष रंगमंच पर भव्य प्रस्तुतियां दी।

---

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर बैलेट पेपर से हुई वोटिंग

# जिप चेयरमैन लाड़ी की कुर्सी गई, 10 सदस्यों ने खिलाफ किया मतदान, पक्ष में पांच ही वोट

- पहले डीसी ने हाथ खड़े कर पारित कर दिया था अविश्वास प्रस्ताव
- भाजपा छोड़ने की लाड़ी को चुकानी पड़ी कीमत



अंबाला। यह फोटो तब की है जब जिला परिषद के चेयरमैन राजेश कुमार लाड़ी पूरे काफिले के साथ कांग्रेस ज्वाइन करने के लिए निकले थे। फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी की कुर्सी चली गई। बेल्ट पेपर से हुई वोटिंग के दौरान कुल 15 सदस्यों में से 10 सदस्यों ने लाड़ी के खिलाफ मतदान किया। जबकि पांच सदस्यों ने उनके पक्ष में वोटिंग की।वोटिंग के बाद रिजल्ट आते ही डीसी अजय सिंह तोमर ने जिप चेयरमैन राजेश कुमार लाड़ी के खिलाफ सदन में आया अविश्वास प्रस्ताव पारित होने का ऐलान कर दिया। लाड़ी करीब तीन साल तक इस कुर्सी पर रहे।

विधानसभा चुनाव के दौरान लाड़ी को भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने की कीमत चुकानी पड़ी। अब नए सिरे से जिला परिष्द चेयरमैन के लिए लॉबिंग होगी।

### हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक

दिसंबर 2022 में हुए जिला परिषद चुनाव में जीत के बाद भाजपा ने राजेश कुमार चेयरमैन बने थे। हालांकि 2024 में राज्य विधानसभा के चुनाव के दौरान राजेश कुमार लाड़ी पलटी मार गए। भाजपा की सरकार जाते देखकर लाड़ी ने तब कांग्रेस का दामन थाम लिया था। मगर चुनाव में जीत के साथ भाजपा फिर सत्ता में आ गई। इसके बाद जिला परिषद के 15 में 11 सदस्य लाड़ी के खिलाफ हो गए। विकास कार्यों में भेदभाव समेत कई आरोपों को लेकर इन सदस्यों ने तत्कालीन डीसी को शपथपत्र देकर चेयरमैन के खिलाफ सदन में अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग रखी। 13 नवंबर 2024 को लाड़ी के खिलाफ सदन में आए अविश्वास प्रस्ताव पर सभी 15 सदस्यों की मीटिंग बुलाई गई थी। तब सदन में 11 सदस्यों ने हाथ खड़े कर चेयरमैन राजेश कुमार लाड़ी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया था। हालांकि तब वाइस चेयरमैन बसपा करनैल सिंह नगला की कुर्सी एक वोट की वजह से बच गई थी। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद डीसी ने चेयरमैन की कुर्सी खाली होने का ऐलान किया था। मगर राजेश कुमार लाड़ी ने इस मामले को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती देकर अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया को असंवैधानिक बताकर कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने लाड़ी की दलीलों पर सहमति जताने के बाद अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया को खारिज कर तुरंत कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। इस आदेश की वजह से तब लाड़ी की कुर्सी बच गई थी।

### बैलेट पेपर से वोटिंग के आदेश

*कुछ रोज पहले ही पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने चेयरमैन राजेश कुमार के खिलाफ सदन में आए अविश्वास प्रस्ताव पर बेल्ट पेपर के जरिए गोपनीय वोटिंग करवाने के आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद बुधवार को यहां सदन की मीटिंग के दौरान बेल्ट पेपर से वोटिंग हुई थी। 15 में से 10 सदस्यों ने लाड़ी के खिलाफ मतदान किया। जबकि पांच सदस्यों ने उनके पक्ष में मतदान किया। रिजल्ट घोषित होते ही डीसी ने चेयरमैन राजेश लाड़ी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने का ऐलान किया। करीब तीन साल तक लाड़ी जिला परिषद के चेयरमैन रहे।*

### इन सदस्यों ने किया मतदान

*जिला परिषद के चेयरमैन रहे राजेश लाडी के खिलाफ सदन में आए अविश्वास प्रस्ताव के दौरान सभी 15 सदस्यों ने अपने मत का इस्तेमाल किया। इनमें वार्ड नंबर एक से खुद राजेश कुमार, वार्ड नंबर 2 से मंजीत कौर, वार्ड नंबर 3 से पंकज सैनी, वार्ड नंबर 4 से राजेश देवी, वार्ड नंबर 5 से रजत सिंह, वार्ड नंबर 6 से हरविंद्र कौर, वार्ड नंबर 7 से मुकेश कुमार, वार्ड नंबर 8 से अंकिता, वार्ड नंबर 9 से मक्खन सिंह लबाना, वार्ड नंबर 10 से साक्षी गौड़, वार्ड नंबर 11 से करनैल सिंह, वार्ड नंबर 12 से गुरजीत, वार्ड नंबर 13 से पिंकी देवी, वार्ड नंबर 14 से सुखविंद्र सिंह व वार्ड नंबर 15 से दीपिका ने मतदान किया।*

---



मुलाना। कार्यक्रम में मौजूद जैन साध्वियां।

## क्षमा ही सच्चा धर्म, याचना करने से अहंकार का होता है नाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

यहां स्थित एसएस जैन स्थानक में पावन चातुर्मास के अवसर पर विराजमान साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के सान्निध्य में जैन धर्म का महापर्व पर्यूषण बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पर्व की गरिमा में सहभागी बने।

कार्यक्रम के दौरान साध्वी रत्ना सुवृद्धि ने पर्यूषण पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि, आत्मावलोकन और क्षमापना का पर्व है। जैन धर्म में इसे वर्ष का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। साध्वी सात्विक ने प्रवचन देते हुए कहा कि क्षमा ही सच्चा धर्म है और क्षमा याचना करने से मनुष्य के भीतर से अहंकार, क्रोध और द्वेष का नाश होता है। इस अवसर पर महिला मंडल ने साध्वी चंदनबाला के जीवन पर एक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसमें त्याग, संयम और समर्पण की भावनाओं को मार्मिक तरीके से प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति उपस्थित श्रद्धालुओं को गहराई से छू गई और सबने इसे धर्म और जीवन की सच्चाईयों से जुड़ा एक प्रेरणादायक संदेश माना। कार्यक्रम के अंत में जैन समाज के लोगों ने आपस में एक-दूसरे से क्षमा मांगकर "मिच्छामी दुक्कड़म" की परंपरा का पालन किया और सामूहिक प्रार्थना की। मौके पर समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे जिनमें अशोक जैन (प्रधान), श्रीपाल जैन (प्रवक्ता), राममूर्ति जैन, उमेश गोयल, रामकुमार जैन, टींका गोयल, अभय जैन, नवीन जैन, प्रवीण अग्रवाल, दर्शन अरोड़ा, केवल अरोड़ा, अरुण जैन, केशव जैन, पर्व जैन और विवान जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

---

हिंदी पखवाड़े पर प्रतियोगिताएं आयोजित

## कविता पाठ स्पर्धा में नैंसी ने मारी बाजी

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कड़ासन में कार्यक्रम
- रितिका राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रैल प्रथम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कड़ासन में सीआरसी स्तर पर हिंदी पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय प्रभारी कृष्णा कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से प्राध्यपाक सुरेश कुमार शर्मा तथा हिंदी अध्यापिक ममता रानी द्वारा आयोजित किया गया। कविता पाठ में ग्रुप 3 कक्षा 9 से 12 तक नैंनी प्रथम, कक्षा 6 से 8 जसनीत प्रथम व कक्षा 4 से 5 जतिन प्रथम रहे। नारा लेखन में कक्षा 9 से 12 मानव प्रथम व व्याकरण प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 में गरिमा प्रथम व कक्षा 6 से 8 तक में मीनाक्षी प्रथम रही। कक्षा 4 से 5 में रितिका राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रैल प्रथम रही। निर्णायक मंडल की भूमिका संदीप कुमार व बीना रानी, राजेश कुमार तथा धर्मपाल, किरण व दीपाशिखा व प्रीतपाल कौर ने निभाई।

---

नगर पालिका ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में विशेष अभियान चलाया

## स्वच्छता के लिए कबाड़ियों को नोटिस, गंदगी फैलाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

स्वच्छ हरियाणा मिशन - हर गली, हर मोहल्ला, स्वच्छ हरियाणा की पहचान के तहत नगर पालिका ने शहर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में, नगर पालिका ने उन दुकानदारों को नोटिस जारी किए हैं जो अपनी दुकानों के बाहर कबाड़ समान और अनुपयोगी सामान जमा करते हैं। इन्हें सख्त निर्देश दिए हैं कि वे सभी तरह के कबाड़ सामान एवं अनुपयोगी सामान को अपनी दुकान परिसर के भीतर ही रखें। दुकान के बाहर सार्वजनिक स्थान पर गंदगी न फैलाएं। नगर पालिका के सचिव मोहित कुमार ने बताया कि यह कदम शहर को स्वच्छ रखने और आम जनता को होने वाली असुविधा को दूर करने के उद्देश्य से उठाया गया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि कबाड़ी दुकानदार इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, नगर पालिका ने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए एक विशेष सफाई अभियान भी शुरू किया है। इस अभियान के तहत, सफाई कर्मचारियों की मदद से विभिन्न वार्डों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई की जा रही है। इसका उद्देश्य शहर के हर कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। स्वच्छ हरियाणा मिशन के अंतर्गत नगर पालिका ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय, में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में स्कूली छात्राओं को स्वच्छता का महत्व समझाया गया और उन्हें अपने घर, स्कूल और आस-पड़ोस को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के बारे में भी जानकारी दी गई।




नारायणगढ़। स्वच्छता का संदेश देते हुए नगरपालिका कर्मचारी।

---

## 'इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल'...

- महान पार्श्वगायक मुकेश को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

म्यूजिकल संस्था याका म्यूजिक क्लब द्वारा अंबाला क्लब में /"इक प्यार का नगमा है/" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इवेंट मैनेजर यमन परुथी ने बताया कि देश के महान पार्श्व गायक मुकेश के स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर करवाए गए इस आयोजन में 16 गायकों ने उन्हीं के गाए गीत सुनाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में गुदगुदी जंक्शन समूह कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया तत्पश्चात सरस्वती वंदना हुई। याका म्यूजिक क्लब के शो डायरेक्टर इंद्र परुथी ने मुख्यातिथि और साथ में आए गुदगुदी जंक्शन के पदाधिकारियों राजेंद्र कौशिक,डॉ.संजय गौतम,राकेश आहूजा,असीम राष्ट्रवादी,राज अरोड़ा,देवीराम शर्मा और मंदीप शर्मा का स्वागत किया। संगीत की दुनिया में पार्श्वगायक मुकेश के योगदान बारे मुख्यातिथि गौड़ ने कहा कि महान गायक मुकेश चंद माथुर अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज़ के लिए प्रसिद्ध हैं जिन्हें राज कपूर की आवाज़ भी कहा जाता था। उनके गाए गीत आज भी बहुत प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति देते हुए इंद्र परुथी और अमीषा ने टाइटल सांग इक प्यार का नगमा है। उमेश कौशल ने इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल...,सुरेंद्र धीमान ने "जीना यहां मरना यहां इसके सिवा जाना कहां/"...,चंडीगढ़ से दयाल कृष्ण ने /"सुहाना सफर और ये मौसम हंसी/"..., रुड़की के वीरेंद्र भटेजा ने /"दीवानों से ये मत पूछो..., अरविंद सीकरी ने /"मैंने तेरे लिए ही सात रंग के सपने चुने..,विजय थापर ने कहीं दूर जब दिन ढल जाए...,राजेश आहलूवालिया ने /"कभी कभी मेरे दिल में ख्याल आता है...अनु बजाज ने डम डम डिगा डिगा/"...,रजनीश शर्मा ने /"चांद सी महबूबा हो मेरी कब/ और प्रदीप चोपड़ा ने कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे..आदि दिलकश गाने सुनाकर समां बांधा। मनीष मल्होत्रा,लक्की,विकास जॉली और विशाल जॉली ने भी गीतों की अच्छी प्रस्तुति दी। मौके पर अरुण थापर, देवेंद्र कपूर, केपी सिंह, विनोद कालड़ा, नीरज कक्कड़, विक्रमजीत, पूजा आहूजा, नीलिमा और ममता शर्मा भी मौजूद रही।




अंबाला। मुख्यअतिथि का अभिनंदन करते आयोजक। "फोटो : हरिभूमि

---

## प्रदर्शन में हिस्सेदारी करेंगे ग्रामीण चौकीदार प्रदेश सरकार पर मांगों के लिए बनाएंगे दबाव

- सभा में गरजे चौकीदार, राज्य सरकार पर उनकी मांगों पर विचार न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की बैठक प्रधान बाबू राम की अध्यक्षता में श्री रविदास मंदिर में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि 18 सितंबर को पंचायत मंत्री के मतलौडा में होने वाले राज्य स्तरीय प्रदर्शन में चौकीदार बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। प्रधान बाबू राम ने कहा कि ग्रामीण चौकीदारो की सेवाएं चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियमित करने व तब तक न्यूनतम वेतन 30 हज़ार लागू करने की मांग सरकार से लंबे समय से कर रहे है। मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री को बातचीत के माध्यम से मांगों का समाधान करने के लिए ज्ञापन भी दिए गए हैं परंतु सरकार ने अभी तक यूनियन से कोई बैठक तक नहीं की है। मजदूर संगठन सीटू के सचिव सतीश सेठी ने कहा कि सरकार ने पिछले दस सालों से न्यूनतम वेतन रिवाइज को नहीं किया है।

क़ानून मुताबिक न्यूनतम वेतन हर पांच साल बाद रिवाइज होना चाहिए। परन्तु सरकार ने 2020 साल में होने वाले रिवीजन को नहीं किया। यदि सरकार ने समय पर रिवीजन किया होता तो आज प्रदेश का न्यूनतम वेतन दिल्ली प्रदेश के न्यूनतम वेतन 18066 रू से कंही ज्यादा होता। बैठक में सीटू नेता शीतल राम, ग्रामीण चौकीदार सभा के राज्य नेता मनीश कुमार, सुखबीर सिंह प्रेम नगर, शमशेर सिंह, माम राज, सुखबीर इत्यादि ने भी अपने विचार रखे ।

---

## भाषण प्रतियोगिता में प्रतिष्ठा ने मारी बाजी, रुषा को मिला दूसरा स्थान

- डीएवी कॉलेज में टैलेंट शो के दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में टैलेंट शो के अंतर्गत महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता और कविता उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीन कल्चरल अफेयर्स प्रोफेसर शिवानी डावर कार्यक्रम की संयोजिका रही। उन्होंने विद्यार्थियों को भागीदारी पर ज़ोर देने के लिए प्रेरित किया ।कविता उच्चारण में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रेखा शर्मा और प्रोफेसर मोनिका शर्मा ने निभाई। प्रोफेसर सिम्मी सभरवाल और डॉ. चांद सिंह भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिष्ठा ने प्रथम स्थान, रुषा ने द्वितीय स्थान और श्वेता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सपना और वृंदा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कविता उच्चारण में छात्रा ज्योति ने प्रथम, रुषा ने द्वितीय और प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और विजेताओं को शुभकामनाएं दी। डॉ दर्शनलाल , डॉ श्वेता आहूजा , डॉ ख़ुशबू कार्यक्रम के इंचार्ज रहे । कार्यक्रम में प्रोफेसर प्रियंका मलिक, प्रोफेसर नवनीत, प्रोफेसर वर्णिका, प्रोफेसर अनिल, प्रोफेसर मनीष, प्रोफेसर रचना, प्रोफेसर निशा, प्रोफेसर मनीष व अन्य मौजूद रहे।



अंबाला। प्रतियोगिता के दौरान छात्र व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

---

प्राकृति के प्रति संवेदनशील रहे, जिला शिक्षा अधिकारी ने दिया संदेश

## पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ, विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को खंड स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विज्ञान विशेषज्ञा पूजा भारद्वाज, राजकुमार राणा (सुपरिंटेंडेंट), खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू बाला ने मुख्य अतिथियों व विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन गुरुदेव कुशाग्र शर्मा ने नोडल अधिकारी की भूमिका में किया। खंड के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान मॉडल व परियोजनाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण तथा जल संरक्षण पर समाज को जागरूक किया। वहीं विज्ञान नाटकों के जरिए छात्रों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान रमणीक ने पाया तो इसी स्कूल के खुशबीर ने द्वितीय स्थान पाया। तृतीय स्थान दीपांशी को मिला। सांत्वना पुरस्कार रितिक को मिला पाया। विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकीय उच्च विद्यालय डुलियानी , द्वितीय स्थान – राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा को तृतीय स्थान महर्षि मारकंडेश्वर अंतरराष्ट्रीय विद्यालय मुलाना एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ (संयुक्त रूप से) मिला। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार व अन्य।